# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 10.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, हिंदुस्तान, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन, राष्ट्रीय सहारा," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 10.07.2025

### रविदास घाट पर दिव्यांगजन के लिए 50 लाख से बनेगा रैंप

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** रविदास घाट पर दिव्यांगजन के लिए रैंप का निर्माण कराया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 50 लाख रुपये है। वीडीए की ओर से रैंप का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य के लिए अवस्थापना निधि से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। कार्य को नियमानुसार टेंडर से कराया जाएगा।

यह रैंप सीधे घाट से नौकाओं तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। जिससे दिव्यांग व्यक्तियों को गंगा दर्शन, क्रूज सेवाओं और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने में सुविधा होगी। वर्तमान में रविदास घाट से दशाश्वमेध घाट के लिए क्रूज सेवाएं संचालित होती हैं। यहां नावों से संबंधित गतिविधियों के चलते रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। मौजूदा ढांचा दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्हें घाट से नदी तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। प्रस्तावित रैंप दिव्यांगजन सुलभता मानकों के अनुसार डिजाइन किया गया है। घाट से नदी के निम्न स्तर तक लगभग 10 मीटर ऊंचाई का अंतर है। इसके लिए लगभग 150 मीटर लंबे रैंप का निर्माण प्रस्तावित है, ताकि ढलान सहज, सुरक्षित और टिकाऊ बन सके।



रैंप का मॉडल। स्रोत-वीडीए

## अमर उजाला –दि0 10.07.2025

### वीडीए ने दो अवैध निर्माण कराए सील

**वाराणसी।** वीडीए ने बुधवार को कंदवा में दो अवैध निर्माण सील कराए। वार्ड नगवां के आलोक सिंह व अन्य की ओर से कंदवा, कर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास बिना मानचित्र स्वीकृत किराए 6000 वर्गफीट के भूखंड में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे सील किया गया। राजू राजकुमार व अन्य की ओर से कंदवा, पोखरे के पास बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 700 वर्गमीटर के भूखंड क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जिसे नोटिस देकर सील किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श निराला ने कार्रवाई की। ब्यूरो

अमर उजाला –दि0 10.07.2025

## पार्किंग के लिए बेसमेंट कराएं खाली

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए कार्यालय में बैठक की। इस दौरान उन्होंने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। सील मामलों की जांच कर बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। सचेत किया कि अधिकतम एक सप्ताह में जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराएं। शहर में हो रहे अनियोजित विकास और अवैध प्लॉटिंग का चिह्नांकन करते हुए ध्वस्तीकरण कराएं। जोन- वन के वार्ड शिवपुर, सिकरौल में अब तक कुल शमन धनराशि 2,39,41,065 रुपये और जोन- टू के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में अब तक कुल शमन धनराशि 1,84,88,906 जमा कराया गया। शमन शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। ब्यूरो

आज–दि0 10.07.2025

## दो निर्माणाधीन भवन हुए सील

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर जोन चार नगवामें निर्माणाधीन भवनके खिलाफ सीलिंग काररवाई की गयी। भवन स्वामी आलोक सिंह कंदवा कामेश्वर मन्दिरके पास बिना मानचित्रके आधा दर्जन डुप्लैक्स निर्माण करा रहे थे। इसी तरह यहींपर राजकुमार बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनका निर्माण करा रहे थे। शिकायतकी सूचनापर मौकेपर पहुंचे जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता आदर्श निराला, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और पुलिसकी देखरेखमें प्रवर्तन दलने दोनों भवनोंकी सीलिंग काररवाई की। जोनल अधिकारीके निर्देशपर अवर अभियन्ताने निकटतम थानेकी अभिरक्षामें सौंप दिया।

आज –दि0 10.07.2025

## विप्रा करायेगी ५० लाखमें रैम्पका निर्माण

विकास प्राधिकरणने रविदासघाटपर विद्यार्जनोंकी सुविधाके लिए रैम्प निर्माण करायेगा इसके लिए अवस्थापना निधिसे पचास लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। कार्यको नियमानुसार करानेके लिए ई-निविदाके आधारपर कार्यदायी एजेंसीको अनुमति दी जायेगी। घाटपर बननेवाले रैम्पमें प्रयास किया जायेगा कि दिव्यांग व्यक्ति नौकाओंतक पहुंच सके। गंगा दर्शन, क्रूज सेवा और अन्य धार्मिक गतिविधियोंमें वह भाग ले सके। दिव्यांगनोंको देखकर रैम्पकी सुलभता (१:१२ के ढलान अनुमानित है) इसके लिए दस मीटर ऊंचाईका अंतर है जो कि नदीके निम्नतर स्तरका है। लगभग १५० मीटर लम्बे रैम्पका निर्माण प्रस्तावित है। इसमें बननेवाले ढलान सुरक्षित और टिकाऊ होंगे।

आज–दि0 10.07.2025

## विप्राने किया ३६ सौ पौधरोपण

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर अधिकारियों और कर्मचारियोंने हरियाली बढ़ानेके लिए संकल्प लिया। इसके अन्तर्गत लगभग ३६ सौ पौधोंका रोपण विभिन्न जगहोंपर किया गया। डीआईजी कालोनीमें २५०, संत रविदास एवं पीसीएस छात्रावास लालपुरमें ४३० पौधे, सिकरौल स्थित अधिगृहित भूमिपर ५६०, चितरंजनपार्क दशाश्वमेधमें १५० और प्राधिकरण कार्यालयमें ४१५, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पार्कमें १८५० पौधरोपण किया गया। पौधरोपणका उद्देश्य है कि छायादार और औषधियुक्तका लाभ मिले। इस अवसरपर विप्रा सचिव डॉक्टर वेदप्रकाश शर्माने और अपर सचिव गुडाकेश शर्माकी देखरेखमें उपरोक्त जगहोंपर पौधरोपण किया गया।


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.07.2025

# रविदास घाट पर दिव्यांगजन हेतु रैम्प निर्माण का कार्य प्रस्तावित

रवाराणसी । विकास प्राधिकरण द्वारा रविदास घाट पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैम्प निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया गया है।



इस कार्य के लिए अवस्थापना निधि से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। लगभग ?50 लाख की अनुमानित लागत से यह निर्माण किया जाएगा। कार्य को नियमानुसार ई–निविदा आमंत्रित कर संपादित कराया जाएगा।यह रैम्प सीधे घाट से नौकाओं तक पहुँच सुनिश्चित करेगा, जिससे दिव्यांग व्यक्तियों को गंगा दर्शन, क्रूज़ सेवाओं और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने में सुविधा होगी।वर्तमान में रविदास घाट से दशाश्वमेध घाट के लिए क्रूज़ सेवाएं संचालित होती हैं और यहां नावों से संबंधित गतिविधियों के चलते रोज़ाना बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। लेकिन मौजूदा ढांचा दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त नहीं है और उन्हें घाट से नदी तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है।प्रस्तावित रैम्प दिव्यांगजन सुलभता मानकों (1ः12 के ढलान अनुपात) के अनुसार डिजाइन किया जाएगा। घाट से नदी के निम्नतम स्तर तक लगभग 10 मीटर ऊँचाई का अंतर है।,इस हेतु लगभग 150 मीटर लम्बे रैम्प का निर्माण प्रस्तावित है, ताकि ढलान सहज, सुरक्षित और टिकाऊ हो।



## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 10.07.2025

# प्राधिकरण द्वारा 3600 से अधिक पौधरोपण कर हरियाली के संकल्प को मिला विस्तार

वाराणसी। जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा निर्धारित 3600 पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष, वाराणसी विकास



प्राधिकरण द्वारा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार विभिन्न स्थलों पर कुल 3630 पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा तथा अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा द्वारा किया गया। डी.आई.जी. कॉलोनी पार्क –225 पौधे संत रविदास आईएएस/पीसीएस छात्रावास परिसर, लालपुर 430 पौधेसिकरौल स्थित अधिगृहित भूमि – 560 पौधे चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध – 150 पौधे प्राधिकरण कार्यालय परिसर स्थित पार्क – 415 पौधे पं. दीन दयाल उपाध्याय पार्क –1850 पौधे इस वृक्षारोपण अभियान में सौंदर्य, छायादार व औषधीय महत्व वाले विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अमलतास, मधुमालती, कामिनी, पेण्डुला, अशोक, गुलमोहर, कनेर (पिंक), टिकोमा, क्रोटन, फेरोकेरिया, क्लेरोडेन्ड्रान, पाण्डा फाइकस, एक्ज़ोरा, बाटलब्रश, गुलचीन, चांदनी, गुड़हल, हरसिंगार, आंवला, टबेबिया, अमरूद, बालमखीरा, जामुन, कदम्ब, पेल्टाफोरम, मौलश्री, महोगनी, कचनार, गोल्डन डुरंठा आदि।

हिन्दुस्तान–दि0 10.07.2025

## रविदास घाट पर वीडीए बनवाएगा रैंप

वाराणसी। रविदास घाट पर दिव्यांगों, बुजुर्गों के लिए रैम्प बनाया जाएगा। 50 लाख रुपये की लागत से वीडीए इसका निर्माण कराएगा। रविदास घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटकों की आवाजाही होती है। क्रूज, नौका विहार के लिए लोग इस घाट पर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों की ओर से इस घाट पर लंबे समय से रैंप बनाने की मांग की जा रही थी।

हिन्दुस्तान–दि0 10.07.2025

## कंदवा क्षेत्र में दो अवैध निर्माण सील किए गए

वाराणसी। वीडीए प्रशासन की ओर से कंदवा क्षेत्र में दो अवैध निर्माण सील किया गया। कन्दवा में कर्दमेश्वर महादेव मंदिर के पास 6000 वर्गफीट में अवैध निर्माण सील किया गया। कन्दवा पोखरे के पास 700 वर्गमीटर में एक अन्य अवैध निर्माण सील कराया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, जेई आदर्श निराला मौजूद रहे।

न्यायाधीश–दि0 10.07.2025

## रविदास घाट पर दिव्यांगजन हेतु रैम्प निर्माण का कार्य प्रस्तावित – अनुमानित लगत 50 लाख से स्वीकृति




वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा रविदास घाट पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैम्प निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया गया है।इस कार्य के लिए अवस्थापना निधि से स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। लगभग ?50 लाख की अनुमानित लागत से यह निर्माण किया जाएगा। कार्य को नियमानुसार ई-निविदा आमंत्रित कर संपादित कराया जाएगा।यह रैम्प सीधे घाट से नौकाओं तक पहुँच सुनिश्चित करेगा, जिससे दिव्यांग व्यक्तियों को गंगा दर्शन, क्रूज़ सेवाओं और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने में सुविधा होगी।वर्तमान में रविदास घाट से दशाश्वमेध घाट के लिए क्रूज़ सेवाएं संचालित होती है और यहां नावों से संबंधित गतिविधियों के चलते रोज़ाना बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। लेकिन मौजूदा ढांचा दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त नहीं है और उन्हें घाट से नदी तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है।प्रस्तावित रैम्प दिव्यांगजन सुलभता मानकों (1:12 के ढलान अनुपात) के अनुसार डिजाइनङ किया जाएगा:घाट से नदी के निमन्तम स्तर तक लगभग 10 मीटर ऊँचाई का अंतर है। ,इस हेतु लगभग 150 मीटर लम्बे रैम्प का निर्माण प्रस्तावित है, ताकि ढलान सहज, सुरक्षित और टिकाऊ हो।

न्यायाधीश–दि0 10.07.2025

## प्राधिकरण द्वारा 3600 से अधिक पौधों का रोपण,हरियाली के संकल्प को मिला विस्तार



वाराणसी ।जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा निर्धारित 3600 पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ङआज दिनांक 09 जुलाई 2025 को उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार विभिनन्‍स्थलों पर कुल 3630 पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा तथा अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा द्वारा किया गया। पौधरोपण स्थलों का विवरण निमननुसार है डी.आई.जी. कॉलोनी पार्क 225 पौधे संत रविदास आईएएस/पीसीएस छात्रावास परिसर, लालपुर 430 पौधे सिकरौल स्थित अधिगृहित भूमि - 560 पौधे चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध - 150 पौधे प्राधिकरण कार्यालय परिसर स्थित पार्क - 415 पौधे पं. दीन दयाल उपाध्याय पार्क 1850 पौधे इस वृक्षारोपण अभियान में सौदर्य, छायादार व औषधीय महत्व वाले विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें प्रमुख है अमलतास, मधुमालती, कामिनी, पेण्डुला, अशोक, गुलमोहर, कनेर (पिंक), टिकोमा, क्रोटन, फेरोकेरिया, क्लेरोडेन्ड्रान, पाण्डा फाइकस, एक्ज़ोरा, बाटलब्रश, गुलचीन, चांदनी, गुड़हल, हरसिंगार, आंवला, टबेबिया, अमरूद, बालमखीरा, जामुन, कदम्ब, पेल्टाफोरम, मौलश्री, महोगनी, कचनार, गोल्डन ड्रंठा आदि।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 10.07.2025

# वीडीए अपर सचिव ने जोन 01 एवं 02 की समीक्षा कर दिए निर्देश

### लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण करें : डॉ गुणाकेश शर्मा

**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में बुधवार को अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा ने जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की , समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 06.07.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 12,05,163.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-2,39,41,065.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 06.07.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 10,35,294.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2025-26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-1,84,88,906.00 जमा कराया गया है।



स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौपें गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, रोहित कुमार, भवन लिपिक, किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, अवर अभियन्ता वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक विनोद कुमार यादव एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 10.07.2025

# वीडीए ने 3600 से अधिक पौधे लगाये

**वाराणसी।** जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा निर्धारित 3600 पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष, वीडीए ने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार विभिन्न स्थलों पर कुल 3630 पौधों का रोपण किया। इस वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा तथा अपर सचिव गुडाकेश शर्मा द्वारा किया गया। डीआईजी कॉलोनी पार्क, रविदास आईएएस/ पीसीएस छात्रावास परिसर, लालपुर, सिकरौल, चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध कार्यालय परिसर, दीन दयाल उपाध्याय पार्क में विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

